Mic

Chapter 2

Hindi Interlinear

Reference: Hindi Easy-to-Read Version

1

הוֹי	חֹשְׁבֵי־	אָוֶן	וּפֹעֲלֵי	רָע	עַל־	מִשְׁכְּבוֹתָם	בְּאוֹר	הַבֹּקֶר	יַעֲשׂוּהָ
हाय	सोचने-वाले-	अनर्थ	और-करने-वाले	बुराई	पर-	अपने-बिस्तरों	प्रकाश-में	सुबह	वे-करते-हैं-उसे
H1945	H2803	H0205	H6466			H4904	H0216	H1242	

כִּי	יֶשׁ־	לְאֵל	יָדָם׃
क्योंकि	है-	एल-के-लिए	उन-का-हाथ
	H3426	H0410	H3027

ऐसे उन लोगों पर विपत्तियाँ गिरेंगी, जो पापपूर्ण योजना बनाते हैं। ऐसे लोग बिस्तर में सोते हुए षड़यन्त्र रचते हैं और पौ फटते ही वे अपने षड़यन्त्रों पर चलने लगते हैं। क्यों क्योकि उन के पास उन्हें पूरा करने की शक्ति है।

2

וְחָמְדוּ	שָׂדוֹת	וְגָזָלוּ	וּבָתִּים	וְנָשָׂאוּ	וְעָשְׁקוּ	גֶּבֶר	וּבֵיתוֹ	וְאִישׁ
और-चाहते-हैं	खेत	और-लूटते-हैं	और-घर	और-लेते-हैं	और-दबाते-हैं	पुरुष	और-उस-का-घर	और-मनुष्य
		H1497		H5375	H6231	H1397		H0376

וְנַחֲלָתוֹ׃	פ
और-उस-की-विरासत	प
H5159	

उन्हें खेत चाहिये सो वे उनको ले लेते हैं। उनको घर चाहिये सो वे उनको ले लेते हैं। वे किसी व्यक्ति को छलते हैं और उसका घर छीन लेते हैं। वे किसी व्यक्ति को छलते हैं और वे उससे उसकी वस्तुएँ छीन लेते हैं।

3

לָכֵן	כֹּה	אָמַר	יְהוָה	הִנְנִי	חֹשֵׁב	עַל־	הַמִּשְׁפָּחָה	הַזֹּאת	רָעָה	אֲשֶׁר
इसलिए	ऐसा	कहता-है	यहोवा	देखो-मैं	सोचता-हूं	पर-	परिवार	इस	बुराई	जिस-से
		H0559	H3068	H2009	H2803		H4940	H2063		

לֹא־	תָמִישׁוּ	מִשָּׁם	צַוְּארֹתֵיכֶם	וְלֹא	תֵלְכוּ	רוֹמָה	כִּי	עֵת	רָעָה	הִיא׃
नहीं-	हटाओगे	वहां-से	अपनी-गर्दनें	और-नहीं	चलोगे	घमंड-से	क्योंकि	समय	बुराई-का	वह
H3808	H4185	H8033		H3808	H3212	H7317		H6256		H1931

इसलिये यहोवा ये बातें कहता है, “देखो, मैं इस परिवार पर विपत्तियाँ ढाने की योजना रच रहा हूँ। तुम अपनी सुरक्षा नहीं कर पाओगे। इस जुए के बोझ से तुम सिर ऊँचा करके नहीं चल पाओगे। क्यों क्योंकि यह एक बुरा समय होगा।

4

בַּיּוֹם	הַהוּא	יִשָּׂא	עֲלֵיכֶם	מָשָׁל	וְנָהָה	נְהִי	נְהִיָּה	אָמַר	שָׁדוֹד
उस-दिन-में	उस	उठाया-जाएगा	तुम-पर	कहावत	और-विलाप-किया-जाएगा	विलाप	हुई	कहते-हुए	लूटे-हुए
H3117	H1931	H5375		H4912	H5091	H5092	H5093	H0559	H7703

נְשַׂדֵּנוּ	חֵלֶק	עַמִּי	יָמִיר	אֵיךְ	יָמִישׁ	לִי	לְשׁוֹבֵב	שָׂדֵינוּ	יְחַלֵּק׃
हम-लूटे-गए	भाग	मेरी-प्रजा-का	बदलता-है	कैसे	हटाता-है	मुझ-से	विश्वासघाती-को	हमारे-खेत	बांटता-है
H7703			H4171		H4185		H7728		

उस समय लोग तेरी हँसी उड़ाएँगे। तेरे बारे मे लोग करूण गीत गायेंगे और वे कहेंगे: ‘हम बर्बाद हो गये! यहोवा ने मेरे लोगों की धरती छीन ली है और उसे दूसरे लोगों को दे दिया है। हाँ उसने मेरी धरती को मुझसे छीन लिया है। यहोवा ने हमारी धरती हमारे शत्रुओं के बीच बाँट दी है।

5

לָכֵן	לֹא־	יִהְיֶה	לְךָ	מַשְׁלִיךְ	חֶבֶל	בְּגוֹרָל	בְּקָהַל	יְהוָה׃
इसलिए	नहीं-	होगा	तुझे	डालने-वाला	रस्सी	चिट्ठी-से	सभा-में	यहोवा-की
	H3808	H1961		H7993		H1486	H6951	H3068

तेरी भूमि कोई व्यक्ति नाप नहीं पायेगा। यहोवा के लोगों में भूमि को बाँटने के लिये लोग पासे नहीं डालेंगे।’”

6

אַל־	תִּטְּפוּ	יַטִּיפוּן	לֹא־	יַטִּפוּ	לָאֵלֶּה	לֹא	יִסַּג	כְּלִמּוֹת׃
मत-	टपकाओ	वे-टपकाते-हैं	नहीं-	टपकाएं	इन-को	नहीं	हटेगा	अपमान
H0408	H5197	H5197	H3808	H5197	H0428	H3808	H5253	H3639

लोग कहा करते हैं, “तू हमको उपदेश मत दे। उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिये, हम पर कोई भी बुरी बात नहीं पड़ेगी।”

7

הֲלֹוא	מַעֲלָלָיו	אֵלֶּה	אִם־	יְהוָה	רוּחַ	הַקָּצַר	יַעֲקֹב	בֵּית־	הֵאָמוּר
क्या-नहीं	उस-के-कार्य	ये	यदि-	यहोवा-का	आत्मा	क्या-छोटा-है	याकूब-के	घराने-	क्या-कहा-जाता-है
H3808	H4611	H0428		H3068	H7307		H3290		H0559

הוֹלֵךְ׃	הַיָּשָׁר	עִם	יֵיטִיבוּ	דְבָרַי
चलने-वाले	सीधे	साथ	भलाई-करते-हैं	मेरे-वचन
H1980	H3477		H3190	H1697

हे याकूब के लोगों, किन्तु मुझे यह बातें कहनी है, जो काम तूने किये हैं, यहोवा उनसे क्रोधित हो रहा है। यदि तुम लोग उचित रीति से जीवन जीते तो मैं तुम्हारे लिये अच्छे शब्द कहता।

8

בֶּטַח	מֵעֹבְרִים	תַּפְשִׁיטוּן	אֶדֶר	שַׂלְמָה	מִמּוּל	יָקוּמֻם	לְאוֹיֵב	עַמִּי	וְאֶתְמוֹל
भरोसे-से	गुज़रने-वालों-से	तुम-उतारते-हो	चोगा	वस्त्र	सामने-से	उठती-है	शत्रु-के-रूप-में	मेरी-प्रजा	और-कल
H0983		H6584	H0145	H8008	H4136		H0341		H0865

מִלְּחָמָה׃	שׁוּבֵי
युद्ध-से	लौटने-वालों-को
H4421	H7725

किन्तु अभी हाल में, मेरे ही लोग मेरे शत्रु हो गये हैं। तुम राहगीरों के कपड़े उतारते हो। जो लोग सोचते हैं कि वे सुरक्षित हैं, किन्तु तुम उनसे ही वस्तुएँ छींनते हो जैसे वे युद्धबन्दी हो।

9

תִּקְחוּ	עֹלְלֶיהָ	מֵעַל	תַּעֲנוּגֶיהָ	מִבֵּית	תְּגָרְשׁוּן	עַמִּי	נָשִׁי
तुम-लेते-हो	उस-के-बच्चों-से	ऊपर-से	उस-के-सुखों-के	घर-से	तुम-निकालते-हो	मेरी-प्रजा-की	स्त्रियों-को
H3947	H5768		H8588		H1644		H0802

לְעוֹלָם׃	הֲדָרִי
सदा-के-लिए	मेरी-महिमा
H5769	H1926

मेरे लोगों की स्त्रियों को तुमने उनके घर से निकल जाने को विवश किया जो घर सुन्दर और आराम देह थे। तुमने मेरी महिमा को उनके नन्हे बच्चों से सदा—सदा के लिये छीन लिया है।

10

נִמְרָץ׃	וְחֶבֶל	תְּחַבֵּל	טֻמְאָה	בַּעֲבוּר	הַמְּנוּחָה	זֹאת	לֹא־	כִּי	וּלְכוּ	קוּמוּ
गंभीर	और-नष्ट	नष्ट-करेगी	अशुद्धता	कारण	विश्राम-स्थान	यह	नहीं-	क्योंकि	और-जाओ	उठो
H4834				H5668	H4496	H2063	H3808		H3212	

उठो और यहाँ से भागो! यह विश्राम का स्थान नहीं है। क्योंकी यह स्थान पवित्र नहीं है, यह नष्ट हो गया! यह भयानक विनाश है!

11

וְלַשֵּׁכָר	לַיָּיִן	לְךָ	אַטֵּף	כְּזֵב	וְשֶׁקֶר	רוּחַ	הֹלֵךְ	אִישׁ	לוּ־
और-मदिरा-के-लिए	दाखरस-के-लिए	तुझे	मैं-टपकाऊंगा	कपट-का	और-झूठ	हवा	चलने-वाला	मनुष्य	यदि-
H7941	H3196		H5197	H3576	H8267	H7307	H1980	H0376	H3863

הַזֶּה׃	הָעָם	מַטִּיף	וְהָיָה
इस	प्रजा	टपकाने-वाला	और-होगा
H2088		H5197	H1961

सम्भव है, कोई झूठा नबी आये और वह झूठ बोले। सम्भव है, वह कहे, “ऐसा समय आयेगा जब दाखमधु बहुत होगा, जब मन्दिर बहुतायत में होगी और फिर इस तरह वह उसका नबी बन जायेगा।”

12

יַחַד	יִשְׂרָאֵל	שְׁאֵרִית	אֲקַבֶּץ	קָבֹץ	כֻּלְּךָ	יַעֲקֹב	אֶאֱסֹף	אָסֹף
एक-साथ	इस्राएल-के	बचे-हुओं-को	मैं-इकट्ठा-करूंगा	इकट्ठा-करना	तुझे-सब-को	याकूब	मैं-इकट्ठा-करूंगा	इकट्ठा-करना
	H3478	H7611	H6908	H6908	H3605	H3290	H0622	H0622

מֵאָדָם׃	תְּהִימֶנָה	הַדְּבִרוֹ	בְּתוֹךְ	כְּעֵדֶר	בַּצְּרָה	כְּצֹאן	אֲשִׁיתֶנּוּ
मनुष्यों-से	शोर-मचाएंगी	उस-के-चरागाह	बीच-में	झुंड-की-तरह	बोस्रा-में	भेड़ों-की-तरह	मैं-उनें-रखूंगा
H0120	H1949		H8432	H5739	H1223	H6629	

हाँ, हे याकूब के लोगों, मैं तुम सब को ही इकट्ठा करूँगा। मैं इस्राएल के बचे हुए लोगों को एकत्र करूँगा। जैसे बाड़े में भेड़े इकट्ठी की जाती हैं, वैसे ही मैं उनको एकत्र करूँगा जैसे किसी चरागाह में भेड़ों का झुण्ड। फिर तो वह स्थान बहुत से लोगों के शोर से भर जायेगा।

13

מַלְכָּם	וַיַּעֲבֹר	בּוֹ	וַיֵּצְאוּ	שָׁעַר	וַיַּעֲבֹרוּ	פָּרֹצוֹ	לִפְנֵיהֶם	הַפֹּרֵץ	עָלָה
उन-का-राजा	और-गुज़रा	उस-से	और-वे-निकले	फाटक	और-वे-गुज़रे	वे-तोड़े	उन-के-सामने	तोड़ने-वाला	चढ़ा
H4428			H3318	H8179		H6555	H6440	H6555	H5927

פ	בְּרֹאשָׁם׃	וַיהוָה	לִפְנֵיהֶם
प	उन-के-सिर-पर	और-यहोवा	उन-के-सामने
		H3068	H6440

> उनमें से कोई मुक्तिदाता उभरेगा। प्राचीर तोड़ता वहाँ द्वार बनाता, वह अपने लोगों के सामने आयेगा। वे लोग मुक्त होकर उस नगर को छोड़ निकलेंगे। उनके सामने उनका राजा चलेगा। लोगों के सामने उनका यहोवा होगा।